# INCOIS को सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार, 2025

स्रोत: पी.आई.बी

**भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS)** को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिये संस्थागत श्रेणी में सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया है।

- इस पुरस्कार की घोषणा **प्रत्येक वर्ष 23 जनवरी** को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। पुरस्कार के तहत संस्था के लिये 51 लाख रुपए नकद और प्रमाण पत्र तथा व्यक्ति के लिये 5 लाख रुपए और प्रमाण पत्र दिये जाते हैं।
- **भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS):** इसकी **स्थापना वर्ष 1999 में हैदराबाद, तेलंगाना** में की गई थी। INCOIS भारत की आपदा प्रबंधन रणनीति का अभिन्न अंग है, जो समुद्र से संबंधित खतरों के लिये शुरुआती चेतावनी देने में कुशल है।
    - यह भारतीय सुनामी पूर्व चेतावनी केंद्र (ITEWC) का संचालन करता है, जो **भारत और 28 हिंद महासागर के तटीय देशों** को **10 मिनट** के भीतर चेतावनी प्रदान करता है।
    - इसे यूनेस्को द्वारा **शीर्ष सुनामी सेवा प्रदाता** के रूप में मान्यता प्राप्त है।
    - यह **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MOES)** और **पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संगठन (ESSO), नई दिल्ली** की एक इकाई के अधीन कार्य करता है।
    - INCOIS ने समुद्र में खोए व्यक्तियों या वस्तुओं का पता लगाने के लिये **सर्च एंड रेस्क्यू एडेड टूल (SARAT)** विकसित किया है, तथा वास्तविक समय डेटा एकीकरण के लिये **SynOPS विज़ुअलाइज़ेशन प्लेटफॉर्म** भी विकसित किया है।
    - SynOPS यूनेस्को के **अंतर-सरकारी महासागरीय आयोग (IOC)** में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का एक स्थायी सदस्य है।

**और पढ़ें:** भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र, सुभाष चंद्र बोस की विरासत

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sc-bose-aapda-prabandhan-puraskar-2025-to-incois